UP: ब्रांडेड बोतलों में नकली पानी की पैकिंग, ग्रेटर नोएडा में दो प्लांट सील, 13 हजार से ज्यादा बोतलें जब्त

गौतम बुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा में नकली बोतलबंद पानी बनाने वाले दो प्लांटों का भंडाफोड़ हुआ है. खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कासना इंडस्ट्रियल एरिया, साइट-5 में यह कार्रवाई की. दोनों प्लांट बिना लाइसेंस के ब्रांडेड पानी जैसा दिखने वाला नकली पानी पैक कर बाजार में सप्लाई कर रहे थे.

पहला प्लांट गुप्ता इंटरप्राइजेज, K-300, साइट-5, कासना में पकड़ा गया. यहां बिलसेरी नाम से 1 लीटर बोतलों में पानी को पैक किया जा रहा था. मौके से 6252 बोतलें बरामद की गईं और प्लांट को सील कर दिया गया. दूसरा प्लांट पैरामेट्रो वॉसर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, A-2/88, साइट-5, कासना में मिला, जहां ब्लेसरी नाम से पानी पैक हो रहा था. वहां से 6856 बोतलें जब्त की गईं.

Source: https://www.aajtak.in/uttar-pradesh/story/fake-branded-water-plant-seized-in-greater-noida-uttar-pradesh-lclar-strc-2251045-2025-05-28